


**PRESS RELEASE**

**LOK SABHA SPEAKER ATTENDS PRAVASI RAJASTHANI AND MARWARI MEET IN DIMAPUR/डिमापुर में प्रवासी राजस्थानी व मारवाड़ी स्नेह मिलन में सम्मिलित हुए लोकसभा अध्यक्ष**

**Dimapur; 9 November 2025:** Lok Sabha Speaker Om Birla, who arrived in Nagaland to participate in the Commonwealth Parliamentary Association India Region Conference (CPA Zone 3), addressed the Pravasi Rajasthani and Marwari Meet held in Dimapur on Sunday. He noted that whenever he visits the Northeast and meets families from Rajasthan, he feels immense joy. He said that wherever the people of Rajasthan go, they assimilate the culture of the region, keep the traditions of their motherland alive, and contribute to the development of society and the nation through a spirit of work, service, and dedication.

Birla said that Rajasthanis are identified with hard work, honesty, and dedication. Living in every State, they not only create their own identity but also play a vital role in the development of that region. It is part of the Rajasthani culture to step forward with service and cooperation in times of difficulty or crisis.

Lok Sabha Speaker said that despite numerous geographical challenges, new doors of development have opened here in the last fifteen years. Today, the Northeast region is strongly connected to the main parts of the country through road, air, and rail connectivity.

Shri Birla said, "The dream of a developed India is impossible without the Northeastern states. The hard work, struggle, and patriotism of these people are inspiring for the entire country." He added, "India's true strength lies in its unity in diversity. This is the strength of democracy that, despite different languages, cultures, and traditions, we are all united. Only those countries in the world where democracy is strong have progressed."

At the event, Pravasi Rajasthanis and representatives of various communities warmly welcomed the Lok Sabha Speaker.

**डिमापुर, 9 सितम्बर 2025:** राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन (सीपीए जोन 3) में भाग लेने नागालैंड पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को डिमापुर में

आयोजित प्रवासी राजस्थान व श्री मारवाड़ी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी वे उत्तर पूर्व के दौरे पर आते है और राजस्थान के परिवार से मिलते हैं, तो उन्हें अपार प्रसन्नता होती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लोग जहाँ भी जाते हैं, वहाँ की संस्कृति को आत्मसात करते हुए अपनी मातृभूमि के संस्कारों को जीवंत रखते हैं और कर्म, सेवा तथा समर्पण की भावना से समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देते हैं।

बिरला ने कहा कि राजस्थानियों की पहचान मेहनत, ईमानदारी और कार्यनिष्ठा से बनी है। वे हर राज्य में रहकर न केवल अपनी पहचान बनाते हैं, बल्कि उस क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कठिनाई या संकट की घड़ी में सेवा और सहयोग के साथ आगे बढ़ना राजस्थानियों की संस्कृति का हिस्सा है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि  तमाम भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद पिछले पंद्रह वर्षों में यहाँ विकास के नए द्वार खुले हैं। आज नॉर्थ ईस्ट क्षेत्र रोड, एयर और रेल कनेक्टिविटी से देश के मुख्य भागों से सशक्त रूप से जुड़ रहा है।

बिरला ने कहा कि "विकसित भारत का सपना उत्तर पूर्वी राज्यो के बिना संभव नहीं है। यहाँ के लोगों की कर्मशीलता, संघर्ष और राष्ट्रभावना पूरे देश के लिए प्रेरणादायी है।" उन्होंने कहा कि "भारत की असली शक्ति उसकी विविधता में एकता में है। लोकतंत्र की यही ताकत है कि अलग-अलग भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं के बावजूद हम सब एक सूत्र में बंधे हैं। दुनिया में वही देश आगे बढ़े हैं जहाँ लोकतंत्र सशक्त है।"

कार्यक्रम में प्रवासी राजस्थानियों और विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने लोकसभा अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत किया।